प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-364
24/08/2017

आपदा पीड़ितों की मदद के लिये है सरकार का खजाना :– मुख्यमंत्री

पटना, 24 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सुगौली, मोतिहारी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेगिया तथा धर्मकांटा सुगॉव में बाढ़ पीड़ितों के लिये चलाये जा रहे दो सामुदायिक किचेन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री की पैकिंग के तरीके एवं उसमें डाली जाने वाली सामग्री का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सामुदायिक किचेन में भोजन कर रहे लोगों से पूछताछ भी की। मुख्यमंत्री ने लोगों से भोजन की गुणवता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चलाये जा रहे स्वास्थ्य सहायता शिविर, पशु शिविर का भी निरीक्षण किया। बाढ़ पीड़ितों की ओर से स्थानीय सुगौली चीनी मिल द्वारा प्रदूषित पानी छोड़े जाने की शिकायत की गयी। मुख्यमंत्री ने एच0पी0सी0एल0 सुगौली चीनी मिल के प्रदूषित पानी के संबंध में मिली शिकायत पर स्थल का निरीक्षण किया।

सुगौली में सामुदायिक किचेन के निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मोतिहारी में लुम्बनी भवन में बाढ़ राहत के लिये चलाये जा रहे फूड पैकेटिंग केन्द्र का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत के लिये पैकेजिंग क्षमता को भी बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा पीड़ितों की मदद के लिये है सरकार का खजाना इसलिये हर हाल में प्रत्येक व्यक्ति तक राहत पहुॅचाया जाय।

निरीक्षण के क्रम में सांसद डॉ0 संजय जायसवाल, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, विशेष जिलाधिकारी मोतिहारी श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी मोतिहारी श्री रमण कुमार, पुलिस अधीक्षक मोतिहारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******